# 15 राजस्थान के लोक नाट्य

1. शांता गांधी द्वारा रचित नाटक 'जस्म ओडन' किस गायन शैली में विश्व के कई देशों में मंचित किया जा चुका है?
(1) रम्मत शैली (2) स्वांग शैली
(3) गवरी शैली (4) भवाई शैली (4)

2. निम्नलिखित में से कौनसा (लोक नाट्य-स्थान) सुमेलित नहीं है?
(1) नौटंकी – भरतपुर, डीग, धौलपुर
(2) तमाशा – जयपुर
(3) तुर्रा कलंगी – मारवाड़
(4) रम्मत – बीकानेर, जैसलमेर (3)

3. टुंटिया का सम्बंध किससे है?
(1) रम्मत (2) विवाह
(3) मृत्यु (4) ख्याल (2)

4. राजस्थान के पूर्वी अंचल में प्रचलित नौटंकी किस राज्य से प्रभावित है?
(1) उत्तर प्रदेश (2) मध्यप्रदेश
(3) हरियाणा (4) गुजरात (1)

5. ''कुचामनी ख्याल' से सम्बन्धित कौनसा कथन सही नहीं है?
(1) कुचामनी ख्याल के प्रवर्तक लच्छीराम है।
(2) इनमें पुरुष पात्र ही स्त्री चरित्र का अभिनय करते है।
(3) इसके कलाकार चेतराम, हमीद बेग, ताराचन्द प्रमुख है।
(4) इनमें नर्तक ही गायक का कार्य करते हैं। (3)

व्याख्या– चेतराम, हमीद बेग व ताराचन्द तुर्रा कलंगी ख्याल के प्रमुख कलाकार हैं।

6. भीलों का प्रसिद्ध नाट्य, जो शिव तथा भस्मासुर की कथा पर आधारित है, उसे कहते हैं?
(1) भवाई नाट्य (2) रम्मत
(3) गवरी या राई (4) कन्हैया ख्याल (3)

7. गोमा-मीणा, कालु कीर, कानगूजरी, मियांवड़ व नाहर आदि है?
(1) चारबैंत की श्रेणियाँ
(2) भील जनजाति के नृत्यों के विभिन्न प्रकार
(3) छोटी नाटिकायें, जिनका मंचन गवरी उत्सव में किया जाता है।
(4) रम्मत के लोकगीत (3)

8. राजस्थान के बहरूपिया कलाकार जो अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुके हैं?
(1) पुरुषोत्तम दास भांड (2) जानकी लाल भांड
(3) करीम खाँ निहंग (4) नवाब फैजुल्ला (2)

9. सम्पूर्ण भारत का एकमात्र लोकनाट्य जो केवल दिन में प्रदर्शित होता है?
(1) गवरी लोक नाट्य (2) टूंटिया
(3) तमाशा लोक नाट्य (4) हेला ख्याल (1)

10. राजस्थान के भवाई नाट्य के जन्मदाता थे?
(1) बाघाजी (2) करीम खाँ
(3) पृथ्वीराज (4) धनरूप भांड (1)

11. किस लोकनाट्य में स्त्री पात्रों की भूमिका स्त्रियाँ ही निभाती है?
(1) कुचामनी ख्याल (2) जयपुरी ख्याल
(3) तुर्रा कलंगी ख्याल (4) गवरी नाट्य (2)

12. किशनगढ़ी ख्याल के मुख्य कलाकार है?
(1) उगमराज (2) नानूराम
(3) बंशीधर भट्ट (4) बंशीधर शर्मा (4)

13. निम्न में से व्यावसायिक लोक-नाट्य है?
(1) रम्मत (2) गवरी
(3) नौटंकी (4) भवाई (4)

व्याख्या– भवाई नाट्य मूलतः गुजरात का लोकनाट्य है। भोपा-भोपी द्वारा सगोजी व सगीजी के रूप में इस नाट्य का मंचन होता है। इसके पात्र व्यंग्यात्मक होते हैं।

14. कुचामनी ख्याल के प्रवर्तक कौन थे?
(1) बंशीधर भट्ट (2) गोपीकिशन भट्ट
(3) वासुदेव भट्ट (4) लच्छीराम (4)

15. किस रम्मत कलाकार ने महात्मा गाँधी को 'स्वतंत्र बावनी' पुस्तक भेंट की थी?
(1) तेज कवि जैसलमेरी (2) फागु महाराज
(3) बंशीधर शर्मा (4) रामप्रकाश (1)

व्याख्या– तेज कवि ने जैसलमेर में श्रीकृष्णा कंपनी के नाम से रम्मत का अखाड़ा शुरू किया। इन्होंने 1943 ई. में स्वतंत्र बावनी रम्मत की रचना कर महात्मा गांधी को भेंट की। जिसके कारण उनके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट भी जारी किया गया।

16. निम्न में से असंगत युग्म है–

| ख्याल | जिला |
|---|---|
| (1) किशनगढ़ी ख्याल | अजमेर |
| (2) ढप्पाली ख्याल | नागौर |
| (3) अली बक्शी ख्याल | अलवर |
| (4) तुर्रा कलंगी ख्याल | चित्तौड़गढ़ |

(2)

व्याख्या– ढपाली ख्याल खैरथल तिजारा,अलवर डीग व भरतपुर क्षेत्र में प्रचलित एक विशिष्ट गायकी है। इसमें संगीत प्रेमियों की प्रतिस्पर्धा होती है।

17. पठानी मूल की काव्य प्रधान लोक नाट्य विधा जिसे टोंक के नवाब फैजुल्ला खाँ के समय अब्दुल करीम खाँ निहंग ने प्रारम्भ किया?
(1) चारबैत (2) अली बक्शी
(3) तुर्रा कलंगी (4) तमाशा (1)

18. राजस्थान का कौनसा शहर 'पाटा संस्कृति' के लिए प्रसिद्ध है?
(1) बीकानेर (2) जयपुर
(3) उदयपुर (4) अजमेर (1)

व्याख्या– रम्मतों का मंचन बीकानेर में मोहल्लों के मध्य बने चौक में होता है। चौक में रखे लकड़ी के बने बड़े पाटों पर इसका मंचन होता है।

19. निम्न में से असंगत युग्म है–

| संस्था | संस्थापक |
|---|---|
| (1) राम प्रकाश थियेटर | महाराजा रामसिंह द्वितीय, 1878 |
| (2) मारवाड़ नाटक संस्थान | जसवंत सिंह, 1902 |
| (3) भवानी नाट्य शाला | भवानी सिंह, 1921 |
| (4) गंगा थियेटर | गंगासिंह द्वारा निर्मित |

(2)

**व्याख्या–** मारवाड़ नाटक संस्थान की स्थापना जोधपुर में लक्ष्मणदास डांगी ने 1897 ई. में की थी।

20. कौनसा लोकनाट्य जैन धर्म पर आधारित है–
(1) तमाशा (2) चारबैंत
(3) कन्हैया ख्याल (4) गंधर्व नाट्य (4)

**व्याख्या–** मारवाड़ में गंधर्व जाति पेशेवर नृत्य एवं गायन करती है। इसमें अंजना सुन्दरी और मैना सुन्दरी नामक संगीत नाट्यों का प्रदर्शन किया जाता है।

21. भाटों और नटों द्वारा नचाई जाने वाली कठपुतली में किसकी लकड़ी का प्रयोग होता है?
(1) आडू की (2) तेंदु की
(3) महुवा (4) ढाक (1)

22. गवरी नाट्य में प्रयुक्त होने वाले प्रमुख वाद्ययंत्र है?
(1) थाली व मांदल (2) ढ़ोलक व मंजीरा
(3) कमायचा व करताल (4) पुंगी व मशक (1)

23. 'रावलों की रामत' नामक नाट्य किस क्षेत्र में सर्वाधिक खेला जाता है?
(1) शेखावाटी (2) मेवात
(3) मारवाड़ क्षेत्र (4) मेवाड़ (3)

**व्याख्या–** मारवाड़ क्षेत्र में रावल जाति के लोगों द्वारा यह लोकनाट्य खेला जाता है। यह रामलीला से मिलता जुलता नाट्य है। इसमें राम का पूरा जीवन प्रदर्शित नहीं किया जाकर, केवल मुख्य घटनाओं का ही मंचन किया जाता है।

24. राजस्थान में किस स्थान की मूक रामलीला प्रसिद्ध है?
(1) डीग (2) गजनेर (बीकानेर)
(3) बिसाऊ (झुंझुनूं) (4) घोसुंडा (चित्तौड़) (3)

25. किस नाट्य कला में कलाकार ढ़फ बजाकर कव्वालों की भांति भावावेश में घुटनों के बल खड़े होकर गीत गाते हैं?
(1) रामलीला (2) चारबैंत
(3) नौटंकी (4) तमाशा (2)

**व्याख्या–** चारबैंत लोकनाट्य मूल रूप से अफगानिस्तान की एक कला हैं। चारबैंत गायन परम्परा शैली में ढ़फ बजाकर कवाल्लों की भांति भावावेश में घुटनों के बल खड़े होकर गीत गाते हैं।

26. जयदयाल सोनी और चेतराम संबंधित हैं?
(1) तमाशा से (2) ढ़प्पाली ख्याल से
(3) तुर्रा कलंगी ख्याल से (4) रासलीला से (3)

27. दुलिया राणा व नानूराम का संबंध किस ख्याल से है?
(1) शेखावाटी ख्याल (2) कन्हैया ख्याल
(3) हेला ख्याल (4) जयपुरी ख्याल (1)

**व्याख्या–** शेखावाटी ख्याल के प्रवर्तक चिड़ावा निवासी नानूराम राणा थे। इसीलिए इसे चिड़ावा ख्याल भी कहा जाता है। शेखावाटी में इसे लोकप्रिय करने वाले खिलाड़ी नानूराम राणा के शिष्य दुलिया राणा है।

28. 'रम्मत' लोकनाटक को निभाने वाले पात्र को ......... के रूप में जाना जाता है।
(1) टेरिये (2) खेलार
(3) अखाड़ा (4) मेड़िया (2)

**व्याख्या–** बीकानेर की रम्मत सर्वाधिक लोकप्रिय व प्रसिद्ध है। रम्मत खेल प्रदर्शित करने वाले कलाकार खेलार कहलाते हैं।

29. निम्नलिखित में से असत्य कथन का चयन करें।
(1) भवाई नाट्य एक व्यावसायिक लोकनाट्य है।
(2) भवाई नाट्य मूलतः राजस्थान का लोकनाट्य है।
(3) तमाशा लोकनाट्य के प्रवर्तक बंशीधर भट्ट थे।
(4) रावलों की रामत मारवाड़ में खेली जाती है। (2)

**व्याख्या –** भवाई नाट्य मूलतः गुजरात का लोकनाट्य है। यह राजस्थान में गुजरात के सीमावर्ती जिलों में काफी लोकप्रिय है।

30. निम्नलिखित युग्मों को सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन करे।


| ख्याल | स्थान |
|---|---|
| (A) तुर्रा कलंगी ख्याल | (i) डीडवाना-कुचामन |
| (B) किशनगढ़ी ख्याल | (ii) खैरथल-तिजारा |
| (C) अली बक्शी ख्याल | (iii) किशनगढ़ |
| (D) कुचामनी ख्याल | (iv) चित्तौड़गढ़ |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | I | IV | III |
| (2) | III | I | II | IV |
| (3) | IV | III | I | II |
| (4) | IV | III | II | I |

(4)

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।